# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : प0नि0/II/1024 दिनांक : 30.08.2026

**विज्ञप्ति**

पत्र संख्या–आर0ओ0/1504 दिनांक 25.8.2026 एवं पत्र संख्या पत्रांकः प0नि/II/1021 दिनांक 27.08.2026 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय की स्नातक उत्तीर्ण टॉप 5 प्रतिशत छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना से सम्बन्धित अभिलेखों के साथ दिनांक 26.08.2026, 27.08.2026 एवं 29.08.2026 को विश्वविद्यालय में उपस्थित होने के निर्देश निर्गत किये गये थे।

ऐसी छात्रायें जो 26.08.2026, 27.08.2026 एंव 29.08.2026 को विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर वांछित अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सकी हैं (सूची संलग्न), को दिनांक 31.08.2026 को अपराहन 03.00 बजे से साय 6.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित केन्द्रीय मूल्यांकन भवन के पंचमतल पर अभिलेख जमा करने का अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऐसी छात्रायें जो 31.08.2026 तक रिपोर्ट नहीं करती हैं, के सम्बन्ध में यह अवधारित किया जायेगा कि वह उक्त योजना हेतु अभिलेख प्रस्तुत करने की इच्छुक नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त ऐसी छात्रायें जो किसी भी कारणवश दिनांक 26.08.2026, 27.08.2026 एंव 29.08.2026 को अपना एक या एक से अधिक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर पायीं हैं, को दिनांक 31.08.2026 को भी उक्त समय व स्थान पर अभिलेख प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अग्रतर ऐसी छात्रायें जो अपना एक या अधिक अभिलेख जमा नही कर पाई है, ईमेल आई0 डी0 Scooty @ccsuniversity.ac.in पर उक्त अभिलेख की साफ स्केन कापी प्रेषित कर सकती हैं। ईमल subject में अपना क्रम संख्या एवं नाम अवश्य लिखें।

80 प्रतिशत दिव्यांग, शहीद परिवार एंव निराश्रित छात्रायें जिन्होने 2026 में स्नातक में 65.87 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं किन्तु विश्वविद्यालय की सूची में जिनका नाम नही है, भी उक्त स्कूटी योजना हेतु अपने अभिलेख सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता/शहीद परिवार/निराश्रित प्रामण पत्र के साथ प्रस्तुत करें।

ऐसी छात्रायें जिनके परिवार की आय 12 लाख से अधिक है अथवा उत्तर प्रदेश राज्य की स्थायी निवासी नही है, स्कूटी योजना हेतु पात्र नही हैं।

ऐसी छात्रायें जिन्होने समस्त अभिलेख पूर्व में विश्वविद्यालय में जमा कर दिये हैं, को पुनः आने की आवश्यकता नही है।

अभिलेख जो प्रस्तुत करने अनिवार्य हैं :–

1- APAAR ID
2- Date Of Birth
3- Mobile No (जो आधार से लिंक हो)
4- Category
5- Latest Domicile Application No.(Issued by E-District Portal)
6- Latest Domicile ID (Issued by E-District Portal)
7- Latest Income Application No.(Issued by E-District Portal)
8- Latest Income Certificate Id (Issued by E-District Portal)
9- Graduation Marksheets (All Semester)
10- Adhar Card

स्थानः– केन्द्रीय मूल्यांकन भवन के पंचमतल, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

संलग्नकः– यथोपरि (ऐसी छात्रायें जिनके अभिलेख जमा नही हुये हैं, की सूची)

30/8

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि :–**

1– वैयक्तिक सहायक कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

2– वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव के सूचनार्थ।

3– समस्त सम्बन्धित प्राचार्यों एवं विभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्न सूची में वर्णित अपने महाविद्यालय/विभाग से सम्बन्धित छात्राओं को उपर्युक्त विज्ञप्ति से व्यापक रूप से अवगत कराते हुये छात्राओं को यथासम्भव यातायात सुविधा उपलब्ध कराते हुये विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होने में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

4– प्रेस प्रवक्ता, को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

5–प्रभारी वेबसाइट को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

उप–कुलसचिव